कर्मचारियों के लिए गाइड

# कार्य संबंधी चोट हेतु मुआवजा



MINISTRY OF MANPOWER

# कर्मचारियों के लिए कार्य संबंधी चोट हेतु मुआवजा क्या है?

यदि कार्य के कारण आपको कोई चोट लगती है या चिकित्सीय स्थिति उत्पन्न होती है, तो आप अपने मालिक से मुआवजा मांग सकते हैं.

कार्य संबंधी चोट लगने के कारण मुआवजा (WICA) कर्मचारियों को कार्य-संबंधी क्षतियों या बीमारियों के लिए किसी भी कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता के बिना उनके लिए दावा करने देता है.

## क्या मैं WICA के तहत कवर्ड हूँ?




### कवर्ड

- आप “सेवा के ठेके” के तहत कार्य कर रहे एक कर्मचारी हैं.

### तहत नहीं

- सिंगापुर सैनिक बल का कोई भी सदस्य
- सिंगापुर पुलिस बल, सिंगापुर नागरिक सुरक्षा बल, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो और सिंगापुर जेल सेवा का कोई युनिफ़ॉर्म्ड अधिकारी
- स्व-रोज़गाररत व्यक्ति / खुद का ठेका
- घरेलू कामकर्ता

### प्रश्न 1

**क्या मैं फिर भी मुआवजे का दावा कर सकता हूं, यदि...**

**(i) मैं अब अपने मालिक के लिए कार्य नहीं करता हूं या मेरा रोज़गार समाप्त कर दिया गया है?**

**(ii) दुर्घटना तब हुई थी, जबकि मैं विदेशी कार्य भार संभाल रहा था?**

हां, आप कर सकते हैं.

## मुझे कार्यस्थल पर चोट लगी. मुझे क्या करना चाहिए?



1. यदि आपको चिकित्सीय सहायता की जरुरत हो तो फौरन अपने मालिक को सूचित करना चाहिए.
   - वह जनशक्ति नियंत्रण मंत्रालय (MOM) को इसकी सूचना देंगे.
2. अपना डॉक्टरी प्रमाणपत्र (MC) अपने मालिक को दें.
   - अपनी चिकित्सा अवकाश छुट्टी की मांग करें.
3. अपना असली चिकित्सा बिल अपने मालिक को दें.
   - यदि आपने अपना बिल पहले जमा कर दिया है, तो उन्हें इस बिल को आपको वापस करना होगा.
   - आपके MC और चिकित्सा बिलों की एक प्रतिलिपि अपने पास रखें.
4. अपने मालिक के साथ यह पता लगाये कि क्या उसने दुर्घटना की जानकारी जनशक्ति नियंत्रण मंत्रालय (MOM) को दी है.
5. यह निर्णय करें कि क्या आप WICA या सामान्य कानून के तहत कोई मांग दायर करना चाहते हैं.
   - आप केवल एक ही दावा कर सकते हैं.

## मेरा मालिक कार्य संबंधी मेरी चोट की सूचना MOM को कब देता है?




**आपके मालिक को आपकी चोट की रिपोर्ट करनी चाहिए यदि आप:**

- को कम से कम 24 घंटे के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, या
- को 4 या इससे अधिक कैलेंडर दिवसों के लिए चिकित्सा अवकाश दिया गया था (चाहे वह लगातार हो या नहीं), या
- कार्य संबंधी बीमारी के संपर्क में आए थे

**उपयोगी सलाह**

**आप स्वयं ही MOM को http://www.mom.gov.sg/iReport पर जानकारी दे सकते हैं**

## मैं क्या मांग कर सकता हूं और उसकी राशि कितनी है?

WICA के तहत, आप निम्न प्रकार के मुआवजा के लिए केवल तभी मांग कर सकते हैं, यदि आपने सिंगापुर में रजिस्टर्ड डॉक्टर से मुलाकात की हो.

## प्रकार 1 : चिकित्सा खर्च

### चिकित्सा खर्च क्या हैं?

कार्य संबंधी चोट के कारण चिकित्सा बिल + अन्य फ़ीस. कार्य संबंधी चोट के मूल्यांकन की रिपोर्ट के लिए फ़ीस

**आप अधिकतम सीमा तक चिकित्सा खर्चों को या दुर्घटना के दिनांक से एक वर्ष तक, के पहले जो भी हो, उन चिकित्सा खर्चों की मांग कर सकते हैं.**

| दुर्घटना कब हुई? | वह अधिकतम राशि क्या है, जिसकी मैं मांग कर सकता हूं? |
|---|---|
| 1 जन. 2016 के पहले | $30,000 |
| 1 जन. 2016 को या उसके बाद | $36,000 |

### प्रश्न 2

**मेरे चिकित्सा खर्च $45,000 हैं.क्या मैं पूरी राशि का अनुरोध कर सकता हूं?**

7 फरवरी 2016 → 10 मार्च 2016 → 30 जून 2016 → 9 मार्च 2017

आपके साथ कोई दुर्घटना हुई थी.

पहला: चिकित्सा बिल
**$30,000**
हां, आप पूरी राशि की मांग कर सकते हैं.

दूसरा: चिकित्सा बिल
**$10,000**
आप केवल $6,000 की मांग कर सकते हैं.

तीसरा: चिकित्सा बिल
**$5,000**
आप राशि की मांग नहीं कर सकते हैं.

इस उदाहरण में, आप केवल $30,000 + $6,000 = $36,000 की मांग कर सकते हैं.आप 30 जून 2016 को शेष राशि $4,000 की मांग नहीं कर सकते हैं, क्योंकि सीमा पार हो गई है.आप 9 मार्च 2017 को हुए $5,000 के खर्च की मांग नहीं कर सकते हैं क्योंकि **दुर्घटना के दिनांक से एक वर्ष तक का समय पूरा हो गया है.**

## प्रकार 2 : चिकित्सा अवकाश का मेहनताना

### मैं चिकित्सा अवकाश मेहनताने की मांग कब कर सकता हूं?






आप चिकित्सा अवकाश की मांग कर सकते हैं, यदि आपको किसी कार्य संबंधी किसी चोट या चिकित्सा स्थिति के कारण किसी डॉक्टर द्वारा आउट पेशेंट और/या अस्पताल में भर्ती होने के लिए अवकाश दिया गया हो.

आप केवल उन्हीं दिनों के लिए मांग कर सकते हैं जिनके लिए आप आमतौर पर कार्यस्थल पर जाते हैं (कार्यदिवस), शेष दिनों या सार्वजनिक अवकाश के लिए नहीं.

### WICA आपको निम्न दरों और सीमाओं के लिए अधिकार प्रदान करता है:

| आउट पेशेंट चिकित्सा अवकाश की इस राशि के लिए नहीं | अस्पताल में भर्ती होने के लिए अवकाश की यह राशि | आपके चिकित्सा अवकाश की आमदनी का हिसाब इस आधार पर किया जाएगा |
|---|---|---|
| 14 दिनों तक के लिए | 60 दिनों तक के लिए | आपके पूरे महीने की आमदनी |
| दुर्घटना के 15 वें दिन से 1 वर्ष तक | 61वें दिन से दुर्घटना के 1 वर्ष तक | आपकी औसत मासिक आमदनी का 2/3 |

### प्रश्न 3



**मेरे मालिक ने मेरे चिकित्सा अवकाश के मेहनताने का और चिकित्सा बिलों का भुगतान नहीं किया. मुझे क्या करना चाहिए?**



पहले यह सुनिश्चित करें कि आपने सभी डॉक्टरी छुट्टी और चिकित्सा बिल अपने मालिक को जमा कर दिया है.उन्हें यह बताने के लिए कहें कि उन्हें वे प्राप्त हो गए हैं.

यदि आपका मालिक अभी भी आपको आपके चिकित्सा अवकाश के मेहनताने और चिकित्सा खर्चों का भुगतान नहीं करता है, तो कृपया हमें http://www.mom.gov.sg/contact-us पर लिखें या मानव शक्ति सेवा केंद्र मंत्रालय पर संपर्क करें.

## प्रकार 3 : एक बार में पूरा हर्जाना लेना

यह जीवन भर की अयोग्यता या मृत्यु की स्थिति में चुकाने योग्य होती है.

**जीवन भर की अयोग्यता - जब किसी चोट या चिकित्सीय स्थिति का किसी कर्मचारी की कार्य करने की क्षमता पर स्थायी प्रभाव होता है**

**कर्मचारी को चुकाने योग्य पूँजी**
**= [कर्मचारी की औसत मासिक आमदनी]**
**x [आयु के अनुसार] x [% स्थायी अक्षमता][1]**

*मुआवजे की सीमाओं का दायरा

### मैं औसत मासिक आमदनी (AME) का हिसाब कैसे करूं?



दुर्घटना के दिनांक के पहले 12 माह की अवधि में कार्य के लिए चुकायी गई आमदनी + सामान्य समय से अधिक समय तक काम करना + भोजन वेतन + बोनस और अन्य सभी वेतन



12 माह

**उपयोगी सलाह** अपनी AME की जांच करने के लिए www.mom.gov.sg/calculate-ame से जानकारी प्राप्त करें.

### क्या निकाल दिया गया है?

- मालिक का CPF योगदान
- किसी भी विशेष खर्चों के लिए चुकाया गया धन जो आपके रोज़गार से संबंधित है (उदाहरण के लिए परिवहन भत्ता/अदायगी मुआवजा)

| दुर्घटना कब हुई? | मुआवजे की सीमाएं* | |
|---|---|---|
| | कम से कम | अधिकतम |
| **1 जन. 2016 के पहले** | [$73,000 x % स्थायी अक्षमता] | [$218,000 x % स्थायी अक्षमता] |
| **1 जन. 2016 को या उसके बाद** | [$88,000 x % स्थायी अक्षमता] | [$262,000 x % स्थायी अक्षमता] |

नोट्स:

[1]% स्थायी अक्षमता कर्मचारी की दशा स्थिर होने के बाद डॉक्टर के सलाह पर आधारित होती है.

**मृत्यु-** जब चोट के कारण कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है

**मृत कर्मचारी के परिवार के सदस्यों को या उन पर निर्भर सदस्यों को भुगतान करने योग्य राशि**
**= [कर्मचारी की AME] x [आयु के अनुसार कारक]**

*मुआवजे की सीमाओं के अधीन

| दुर्घटना कब हुई? | मुआवजे की सीमाएं* | |
|---|---|---|
| | कम से कम | अधिकतम |
| 1 जन. 2016 के पहले | $57,000 | $170,000 |
| 1 जन. 2016 को या उसके बाद | $69,000 | $204,000 |

## प्रश्न 4

**क्या मुझे किसी वकील की आवश्यकता है?**

- आपके दावे में आपकी सहायता करने के लिए आपको किसी वकील की आवश्यकता नहीं है क्योंकि मुआवजे की राशि निश्चित सूत्र पर आधारित है.
- MOM के पास ऐसे अनुवादक मौजूद हैं, जो किसी भी अतिरिक्त मूल्य के बिना दावा दायर करने में आपकी सहायता करते हैं.
- ये अनुवादक ये भाषाएं बोल सकते हैं: बंगाली, तमिल, मेंडरिन, मलय.

## प्रश्न 5

**क्या होगा यदि मेरा मालिक MOM द्वारा आदेश की गई मुआवजे की राशि का भुगतान फिर भी नहीं करता है?**

आपके मालिक को आदेश के 21 दिनों के अंदर आपको भुगतान करना होगा.यदि वह ऐसा नहीं करते हैं, तो आदेश का पालन करने में विफल रहने के लिए उनपर मुकदमा चलाया जा सकता है.हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि आपको मुआवजा प्राप्त हो जाएगा.

आपको आदेश का पालन करने के लिए मौजूद राज्य के न्यायालय के बैलिफ़ अनुभाग पर स्वयं करना होगा. 1 Havelock Square, Singapore 059724. आप सहायता के लिए हमारे अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं.

## मैं एक WICA मांग का दायर करना चाहता हूं.मुझे क्या करना चाहिए?

**मांग**
कार्य संबंधी चोट की मुआवजे के मांग के लिए प्रार्थना पत्र

कार्य संबंधी चोट की मुआवजे कानून के तहत

### अपनी मांग दायर करें

- यदि आप कोई मांग दायर करना चाहते हैं तो आपको MOM को सूचित करना होगा.
- हम आपको एक प्रार्थना अर्जी भेजेंगे.
- **हो सकता है कि दुर्घटना के दिनांक से 1 वर्ष के बाद आप दावा नहीं कर सकें.**

**उपयोगी सलाह**

**क्या आपको पता है कि आप SMS का उपयोग करके कार्य संबंधी चोट के मांग की अपनी स्थिति की जांच कर सकते हैं? CS<space>मांग संदर्भ नंबर लिखकर '96175993' पर पाठ संदेश भेजें**
**उदा. CS W-2014010001**

### चिकित्सीय परीक्षण के लिए जाएं

- सभी चिकित्सीय जाँच में मिलने का निश्चित समय हो.
- अस्पताल /क्लिनिक न बदलें.
- अस्पताल आपका परीक्षण करेगा और आपकी चोट (आपकी स्थायी अक्षमता का %) की सीमा के बारे में MOM को सूचित करेगा.

### परीक्षण की सूचना प्राप्त करें

- हम आप, आपके मालिक और बीमाकर्ता को परीक्षण की सूचना जारी करेंगे.

### मांग और भुगतान का समाधान करें

- यदि कोई भी व्यक्ति MOM के परीक्षण पर आपत्ति नहीं लेता है, तो आपके मालिक या बीमाकर्ता को सूचना के **21 दिनों** के भीतर आपको भुगतान करना होगा.आपका मालिक आपकी मुआवजे से धनराशि की कटौती (उदा. चिकित्सीय खर्च और चिकित्सा अवकाश का मेहनताना) नहीं कर सकता.
- यदि कोई आपत्ति होती है, तो MOM उसका हलकरने में सहायता करेगा और भुगतान की जाने वाले मुआवजे का आदेश जारी करेगा.

### प्रश्न 6

**मैं एक विदेशी कर्मचारी हूं.क्या मेरा मालिक मुझे अपने गृहदेश में वापस भेज सकता है, जबकि मेरा WICA से मांग प्रक्रिया जारी है?**

यदि MOM मांग के लिए आपका सिंगापुर में रहना आवश्यक हो तो आपका मालिक आपको आपके गृह देश में वापस नहीं भेज सकता है.

यदि वह आपको आपके गृहदेश में वापस जाने के लिए दबाव डालता है, तो प्रवासी विभाग के अधिकारियों को सूचित करें और वे सलाह देंगे.




## क्या होगा यदि मैं WICA के अंदर कोई अपराध करता हूं?

**MOM आपके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा.**

यदि आप कोई विदेशी कर्मचारी हैं, तो आपकी काम करने की अनुमति वापस ले ली जाएगी और आपको काम करने के लिए सिंगापुर में वापस आने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

इसके अतिरिक्त, अन्य दंड भी लगाए जाएंगे:

| धोखाधड़ीपूर्ण दावा करना | अधिकारियों को गलत जानकारी देना |
|---|---|
| • $15,000 तक का जुर्माना; और/या<br>• 12 माह तक की अवधि के लिए कारावास | • $ 5,000 तक का जुर्माना; और/या<br>• 6 माह तक की अवधि के लिए कारावास |

## क्या आपको WICA दावा दायर करने में सहायता की आवश्यकता है, या आप कार्य संबंधी चोट की मुआवजा पर अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं?

http://www.mom.gov.sg/wic

Ministry of Manpower Services Centre
1500 Bendemeer Road
Singapore 339946

कार्य के घंटे:
सोमवार से शुक्रवार:सुबह 8:00 – शाम 5:30 बजे
(कतार के टिकट शाम 4.30 बजे तक जारी किए जाएंगे)

6438 5122

फरवरी 2017 को अपडेट किया गया

इस मार्गदर्शिका में प्रदान की गई छपी हुई जानकारी सही है.गाइड कर्मचारियों को कार्य संबंधी चोट के लिए मुआवजा (WIC) पर मूल जानकारी प्रदान करती है.यह WIC कानून के अंदर उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों का सरल विवरण प्रदान करती है.किसी गाइड के रूप में, इस बुकलेट का कोई वजूद नहीं है.कोई संदेह होने पर, स्वयं WIC कानून की जानकारी लेना चाहिए.